कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
पत्रांक– 2333 /11–सी–FP/UP/Others/25323/2017, लखनऊ, दिनांकः फरवरी 06 ,2018

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सा0वा0 वन प्रभाग,
बाराबंकी।

विषयः– भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि0 गोरखपुर द्वारा प्रस्तावित ग्राम–भीखरपुर, परगना–सूर्यपुर, तहसील–रामसनेहीघाट, जनपद–बाराबंकी के गाटा सं0–179 में असन्द्रा–रामसेनहीघाट (हैदरगढ़–भिटरिया) मार्ग पर किमी0 8.00–9.00 के मध्य बांयी पटरी पर रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग हेतु 0.066388 हे0 संरक्षित वनभूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ– वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 सरयू वृत्त, फैजाबाद का पत्रांक–3004/14–10, दिनांक 25.01.2018

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्राप्त विषयगत प्रस्ताव का परीक्षण किया गया। जिसमें परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव के आनलाईन एवं हार्डकॉपी में निम्नलिखित कमियाँ/अभिलेखों का आभाव पाया गयाः–

1. प्रभावित संरक्षित वनभूमि के दुगने अवनत वनभूमि पर 10 वर्षों का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन संलग्न किया गया है तथा चयनित वन ब्लाक में क्षतिपूरक वृक्षारोपण ब्रिकगार्ड में प्रस्तावित है, जोकि उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। अतः प्रश्नगत प्रकरण में 100 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों का अनुरक्षण सहित विस्तृत प्राक्कलन संलग्न करते हुये ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड करें।
2. ऑनलाइन भाग–2 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थल की टोपोशीट एवं Geo Referenced Digital Map के स्थान पर प्रस्तावित वनभूमि की टोपोशीट अपलोड की गयी है, जोकि त्रुटिपूर्ण है। अतः ऑनलाइन भाग–2 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थल की टोपोशीट एवं Geo Referenced Digital Map अपलोड करें।
3. हार्डकापी व ऑनलाईन भाग–2 में जिले का भौगोलिक विवरण त्रुटिपूर्ण फीड किया गया है। अतः हार्ड कापी के अनुसार ऑनलाईन भाग–2 में जिले का भौगोलिक विवरण अपलोड करते हुये संशोधित ऑनलाईन भाग–2 संलग्न करें।

उपरोक्त सूचना/अभिलेख 03 प्रतियों में इस कार्यालय को शीध्र उपलब्ध कराना सुंनिश्चित करें, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

(आर0आर0 जमुआर)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या– 2333 /11–सी– **FP/UP/Others/25323/2017**, दिनांकित।
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 सरयू वृत्त, फैजाबाद।
2. टेरीटरी प्रबन्धक, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि0, गोरखपुर।

(आर0आर0 जमुआर)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-1667